ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 180

दिवाली पर लक्ष्मी-गणेश पूजा के लिए ये सामान बेहद जरूरी, बिना इन चीज़ों के अधूरी रहेगी पूजा

24 न्यूज अपडेट

भारत की हर गली, हर आंगन और हर चेहरे पर जब दीपों की चमक फैलने लगती है, तब यह तय हो जाता है कि दिवाली का त्योहार आ गया है. यह त्योहार सिर्फ रोशनी का नहीं, बल्कि खुशियों, उमंग और परिवार की एकता का प्रतीक है. दिवाली के खास दिन हर घर माँ लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा से सजता है. पूजा के दौरान आवश्यक सामग्री की कमी न हो, इसके लिए समय रहते पूरी तैयारी करना बेहद जरूरी है. इसलिए दिवाली पूजा के लिए कौन-कौन सी सामग्री आवश्यक होती है, जो पूजा को सुचारु और सफल बनाएगी. आइए जानते हैं लखनऊ के ज्योतिषाचार्य डॉ. उमाशंकर मिश्र से

1. पूजा स्थल की सजावट



पूजा स्थल की सजावट पूजा की महिमा को बढ़ाती है. इसके लिए आवश्यक सामग्री में शामिल हैं, मिट्टी के दीपक और रुई की बाती

का उपयोग करना चाहिए. दीपक को घी या तेल से भरकर उसमें बाती लगाएं. पूजा स्थल को सुगंधित करने के लिए अगरबत्ती और धूपबत्ती का उपयोग करें. गेंदा, गुलाब, कमल आदि के फूलों से पूजा स्थल को सजाएं और माला बनाकर देवी-देवताओं को अर्पित करें.

2. पूजन सामग्री

पूजन सामग्री में पानी से भरा हुआ कलश रखें, जिसमें आम के पत्ते और नारियल रखें. माँ लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्तियां: पूजा के लिए इनकी मूर्तियों का चयन करें. दूध, दही, घी, शहद और शक्कर मिलाकर पंचामृत तैयार करें. पूजा में केले, सेब, अनार, बताशे, लड्डू आदि का भोग अर्पित करें.

3. पूजा की थाली

पूजा की थाली में, तिलक करने के लिए रोली और चावल रखें. नारियल और सुपारी को पूजा में शामिल करें. पूजा के दौरान घंटी और शंख का उपयोग करें.

4. आरती और भजन

पूजा के बाद आरती और भजन गाने से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है. इसके लिए आरती की थाली में दीपक और कपूर रखें. देवी-देवताओं के भजन और गीत गाएं.

5. विशेष ध्यान देने योग्य बातें

सभी सामग्री शुद्ध और ताजगी से भरी होनी चाहिए.

पूजा का समय निर्धारित करें और उसी समय पूजा करें.

पूजा स्थल की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें.

नेपोलियन और महारानी जोसेफिन के ऐतिहासिक गहने लूव्र म्यूजियम से चोरी, यूजनी क्राउन सहित 9 कीमती आभूषण गायब

24 न्यूज अपडेट

पेरिस। फ्रांस के लूव्र म्यूजियम में रविवार सुबह नेपोलियन और उनकी पत्नी महारानी जोसेफिन के ऐतिहासिक गहनों की चोरी ने कला और इतिहास प्रेमियों को हिला दिया। चोरी में कुल 9 कीमती आभूषण शामिल हैं, जिनमें सबसे प्रमुख 1855 में महारानी यूजनी डी मॉन्टिजो के लिए बनाए गए यूजनी क्राउन का भी नाम है। इस ताज में हजारों कीमती रत्न जड़े हुए थे, जिनके कुछ हिस्से चोरी के दौरान टूटे पाए गए। फ्रांस की संस्कृति मंत्री रशीदा दाती ने



सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि म्यूजियम खुलते ही यह चोरी हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पेशेवर चोरों ने म्यूजियम की दीवार फांदी और डिस्क कटर से खिड़की काटकर महज सात मिनट में यह वारदात अंजाम दी। फ्रांस के गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज ने बताया कि चोरों ने अत्याधुनिक तरीके अपनाए। उन्होंने एक ट्रक पर लगी सीढ़ी का इस्तेमाल कर म्यूजियम की दीवार पर चढ़ाई की और मालवाहक लिफ्ट से सीधे उस गैलरी तक पहुँचे, जहां नेपोलियन और जोसेफिन का संग्रह रखा गया था। चोरी में दो चोर गैलरी में दाखिल हुए जबकि तीसरा बाहर निगरानी करता रहा।

चोरी गए गहनों में महारानी जोसेफिन का हार, ब्रोच और टियारा शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि यूजनी क्राउन और अन्य गहनों की कीमत अरबों पाउंड में आंकी जा सकती है। म्यूजियम में चोरी के बाद पूरे दिन प्रवेश बंद कर दिया गया और हजारों पर्यटकों को लौटना पड़ा। लूव्र म्यूजियम में कुल 3,80,000 वस्तुएं मौजूद हैं, जिनमें से 35,000 प्रदर्शन के लिए रखी जाती हैं। म्यूजियम में सुरक्षा के कड़े इंतजाम होने के बावजूद यह चोरी हुई। फ्रांस की पुलिस की बैंडिटिज्म रिप्रेशन ब्रिगेड (BRB) और सांस्कृतिक संपत्ति तस्करी विरोधी ऑफिस मामले की जांच कर रहे हैं और माना जा रहा है कि चोर विदेशी हो सकते हैं।

दीपावली पर पूजा का सबसे अच्छा मुहूर्त कब है?

24 न्यूज अपडेट

दीपों का पर्व दीवाली 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा. यह दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विशेष कृपा पाने का सर्वोत्तम अवसर माना जाता है. मान्यता है कि इस दिन विधिपूर्वक लक्ष्मी पूजन करने से जीवन में धन, सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, दीवाली की रात को मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और जिन घरों में स्वच्छता, सजावट और श्रद्धा से पूजा होती है, वहां वे वास करती हैं. इसी कारण इस दिन साफ-सफाई, दीप सज्जा, वंदनवार और लक्ष्मी-गणेश पूजन का विशेष महत्व होता है. लखनऊ के ज्योतिषाचार्य डॉ. उमाशंकर मिश्र ने बताया कि, कार्तिक मास की अमावस्या तिथि का प्रारंभ 20 अक्टूबर को प्रातः 03:44 बजे हो रहा है और इसका समापन 21 अक्टूबर को प्रातः 05:54 बजे होगा. इस प्रकार दीवाली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी.

लक्ष्मी पूजन मुहूर्तः शाम 07:08 बजे से रात 08:18 बजे तक

प्रदोष कालः शाम 05:46 बजे से रात 08:18 बजे तक

वृषभ कालः रात 07:08 बजे से 09:03 बजे तक



पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने महाराणा भूपाल अस्पताल में नई अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन किया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 19 अक्टूबर 2025। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ प्रशासक श्री गुलाबचंद कटारिया ने रविवार को महाराणा भूपाल चिकित्सालय में आईआईएफएल फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि मानवता की सेवा करना ईश्वर की सेवा के समान है। उन्होंने फाउंडेशन के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह नई मशीन न केवल उदयपुर बल्कि मध्य प्रदेश के बड़े हिस्से से आने वाले मरीजों के लिए भी वरदान साबित होगी। उद्घाटन समारोह में आईआईएफएल समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष निर्मल जैन, फाउंडेशन की निदेशक मधु जैन, उदयपुर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. विपिन माथुर, एमबी अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर. एल. सुमन, डॉ. कुशल गहलोत और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। डॉ. विपिन माथुर ने बताया कि नई सीटी स्कैन मशीन के जुड़ने से अस्पताल की जांच क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे मरीजों को लंबी वेटिंग लिस्ट से राहत मिलेगी और उनका निदान तेज, सटीक एवं उन्नत तकनीक के माध्यम से होगा। मशीन की मदद से डॉक्टर समय पर सही उपचार शुरू कर सकेंगे, जिससे गंभीर और जटिल मामलों में भी जीवनरक्षक निर्णय लेना आसान होगा।

एमबी अस्पताल में पहली सीटी स्कैन मशीन 1995 में राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के हाथों स्थापित की गई थी। 2006 में उस मशीन को नई तकनीक वाली मशीन से बदल दिया गया था। अब इस अत्याधुनिक मशीन के जुड़ने से टीवी जांच प्रणाली और नवीनतम तकनीकी सुविधाओं के माध्यम से अस्पताल की जांच क्षमता और भी बेहतर हो जाएगी। राज्यपाल कटारिया ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता है और ऐसे कदमों से न केवल मरीजों की सुविधा बढ़ती है, बल्कि पूरे क्षेत्र का स्वास्थ्य ढांचा भी मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि दक्षिण राजस्थान ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश के दूरदराज इलाकों से भी मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं, और नई मशीन उनके लिए समय और संसाधनों की बचत करेगी। इस अवसर पर आईआईएफएल फाउंडेशन के योगदान की भी सराहना की गई। संस्थान की निदेशक मधु जैन ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और मरीजों को लंबी प्रतीक्षा से राहत देना है। समारोह में उपस्थित गणमान्य नागरिकों और चिकित्सकों ने इस नई तकनीक के जुड़ने को स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास कदम बताया।

कटारिया ने किया डूंगला और बोहेड़ा में 24 करोड़ से अधिक के आधुनिक स्वास्थ्य ढांचे का भूमि पूजन



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, चित्तौड़गढ़। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने रविवार को जिले के डूंगला और बोहेड़ा (बड़ीसादड़ी) ग्रामों में लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) का भूमि पूजन किया। साथ ही उन्होंने खेल मैदान, सीसी सड़क और अटल पथ का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "आत्मनिर्भर भारत" विजन के अनुरूप देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि डूंगला में 50 बेड और बोहेड़ा में 30 बेड के स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएंगे। इन केंद्रों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण, प्रसूति कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, लैब, दवा वितरण केंद्र और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध होंगी। राज्यपाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता ग्रामीणों के सहयोग पर निर्भर है और आमजन को इनका पूर्ण लाभ लेना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की जनकल्याणकारी सोच के तहत डूंगला-बड़ीसादड़ी क्षेत्र में कॉलेज, सड़कें, पेयजल योजनाएं और किसान कल्याण योजनाएं लागू की जा रही हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक, पूर्व विधायक, जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक, आईएएस प्रशिक्षु और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। राज्यपाल ने ग्रामीणों से मुलाकात कर विकास कार्यों की प्रगति जानी और अधिकारियों को जनहित में कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

भीलवाड़ा में नाबालिग पर चाकू वार, इलाज के दौरान उदयपुर में मौत



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, भीलवाड़ा। भीलवाड़ा के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक नाबालिग पर उसके पुराने दोस्त ने चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत बिगड़ने के बाद उसे उदयपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना पुलिस लाइन के पीछे महाराज की होटल के पास हुई। 17 वर्षीय हनुमान पुत्र ओमपुरी दुकान से सामान लेने गया था। इसी दौरान सचिन नामक पुराने दोस्त ने उसे रोका और चाकू से तीन-चार वार किए। वार से हनुमान के सीने और हाथ में गंभीर चोटें आईं। हमले के तुरंत बाद सचिन मौके से फरार हो गया। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही प्रताप नगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और नाबालिग का बयान लिया। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल, हमले के पीछे की सटीक वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

निम्बाहेडा: रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा (कविता पारख)। गत रात्रि निम्बाहेडा से जावद की ओर जा रही ट्रेन के पास रेलवे स्टेशन के समीप स्थित पुलिया के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अनुसार, घटना स्थल से युवक को गंभीर हालत में लाया गया था। मृतक की पहचान राजेश, पिता बंशीलाल राव, निवासी ढोलियों की गली, जावद दरवाजा, निम्बाहेडा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया और सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक के परिवारजन ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर पूरी जानकारी प्राप्त की।

28 साल से फरार स्थाई वारण्टी गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा (कविता पारख)। कोतवाली निम्बाहेड़ा थानां पुलिस ने लड़ाई झगड़े के मामले में 28 साल से फरार स्थाई वारण्टी एमपी के उज्जैन निवासी जाकिर हुसैन को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेन्ज उदयपुर द्वारा चलाये गये विशेष अभियान आपरेशन सुदर्शन चक्र में जिले के वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये। जिस पर एएसपी सरिता सिंह व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के निर्देशन में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा रामसुमेर मीणा पु.नि. के निर्देश पर एएसआई सूरज कुमार, कानि. वीरेंद्र, राकेश व सुमित द्वारा रविवार को न्यायालय जे.एम. कोर्ट निम्बाहेडा में वांछित आरोपी 60 वर्षीय जाकिर पुत्र जुदा हुसैन बोहरा निवासी जुना सिमरिया पत्ती बाजार थाना जीवाजी गंज जिला उज्जैन को गिरफतार किया गया है। उक्त अभियुक्त लड़ाई झगड़े के मामले में पिछले 28 साल से फरार चल रहा था।

सागवाड़ा में ठेकेदार को रास्ते में पत्थर मारकर किया घायल, पुलिस जांच में जुटी

24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के गलियाकोट मोड़ से मडकोला की ओर जा रहे ठेकेदार राजेन्द्र डामोर को रास्ते में दो लोगों ने पत्थर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रिपोर्ट ठेकेदार के पुत्र अनिल डामोर ने थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी मदनलाल खटीक ने बताया कि घटना 17 अक्टूबर को हुई। मडकोला निवासी राजेन्द्र डामोर अपने मोटरसाइकिल से गलियाकोट मोड़ से मडकोला की तरफ जा रहे थे। तभी दिनेश डामोर पुत्र भिखा डामोर और सुरेश डामोर पुत्र कान्तिलाल डामोर ने पीछे से पत्थर फेंककर उन्हें चोटिल कर दिया। पत्थर लगने से राजेन्द्र डामोर के सिर में चोट आई। घटना के दौरान घायल के परिवार ने कमलेश डामोर को बुलाया और आसपास के लोगों ने हल्ला सुनकर मौके पर पहुंचकर बचाव किया। जानकारी मिली है कि दिनेश और सुरेश दो महीने पहले ही ठेकेदार के बड़े पुत्र सुनिल डामोर को दुकान पर धमकी दे चुके थे। एसआई शंकरलाल की जिम्मेदारी में पुलिस जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने कहा कि सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है और पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

सागवाड़ा में मोटरसाइकिल पर जा रहे ठेकेदार को पत्थर मारकर घायल, पुलिस ने मामला दर्ज किया

सागवाड़ा (जयदीप जोशी) गलियाकोट मोड़ से मडकोला की ओर जा रहे ठेकेदार राजेन्द्र डामोर को रास्ते में दो व्यक्तियों ने पत्थर मारकर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट ठेकेदार के पुत्र अनिल डामोर ने थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी मदनलाल खटीक ने बताया कि मडकोला निवासी राजेन्द्र डामोर 17 अक्टूबर को अपने मोटरसाइकिल पर गलियाकोट मोड़ से मडकोला की ओर जा रहे थे। तभी दिनेश डामोर पुत्र भिखा डामोर और सुरेश डामोर पुत्र भिखा डामोर ने पीछे से पत्थर फेंककर उन्हें चोटिल कर दिया। इस दौरान राजेन्द्र डामोर के सिर में चोट लगी।

नाथद्वारा: श्रीनाथजी मंदिर में दीपोत्सव और अन्नकूट पर्व की तैयारियाँ अंतिम चरण में



24 न्यूज अपडेट

नाथद्वारा। पुष्टिमार्गीय प्रधानपीठ श्रीनाथजी मंदिर में दीपावली और अन्नकूट पर्व को लेकर तैयारियाँ अपने अंतिम चरण में हैं। मंदिर प्रशासन ने इस अवसर पर होने वाले दर्शनों की समय-सारणी भी जारी कर दी है। मंदिर प्रशासन के अनुसार दीपावली के दिन 20 अक्टूबर को सुबह 4.45 बजे मंगला झांकी आरती के साथ दर्शन आरंभ होंगे, जो करीब 6 बजे तक रहेंगे। इसके बाद श्रृंगार दर्शन सुबह 7.30 से 9 बजे तक और राजभोग चावल की सेवा 11.15 से 1 बजे तक होगी। शाम 5.30 बजे से 6.30 बजे के बीच नाथूवास से गोशाला की गायें मंदिर में आएंगी और श्रीलालन सूरजपोल पधारेंगे। इस दौरान कान जगाई की परंपरा के अनुसार गायों का गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के लिए न्योता दिया जाएगा। गौ पूजन पूर्ण होने के बाद गोमाता वापस वल्लभ विलास परिसर चली जाएंगी। हटड़ी के दर्शन शाम 7 से 9 बजे तक रहेंगे, जबकि रात 8.30 से 10 बजे तक श्रीकृष्ण भंडार में लक्ष्मी पूजन का आयोजन होगा। 21 अक्टूबर को अन्नकूट पर्व के अवसर पर मंगला दर्शन सुबह 5.45 से 7.15 बजे तक होंगे। दोपहर 2 बजे श्रीविठ्ठलनाथजी श्रीजी में पधारेंगे और 4.30 बजे गौ-पूजन एवं गोवर्धन पूजा होगी। इस दौरान लालन प्रभु और गोमाताएं सूरजपोल पधारेंगी। अन्नकूट के दर्शन रात 9 से 11 बजे तक और लूट दर्शन 11 बजे से लगभग डेढ़ घंटे तक रहेंगे। दीपावली पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रवेश चौपाटी से लक्ष्मीनिवास धर्मशाला मार्ग से और निकासी मोतीमहल से किया जाएगा। अन्नकूट रात्रि दर्शन में महिलाओं का प्रवेश लक्ष्मीनिवास से और पुरुषों का प्रवेश सेठों के पायसा मार्ग से किया जाएगा, जबकि निकासी मोतीमहल से होगी।

कंटनेर में बनाया गुप्त केबिन, रतनपुर बॉर्डर पर पकड़ी 5.25 लाख हरियाणा निर्मित शराब



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, डूंगरपुर। डूंगरपुर के बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने रतनपुर बॉर्डर पर एक कंटेनर से हरियाणा निर्मित 5.25 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब बरामद की है। शराब को कंटेनर में गुप्त केबिन बनाकर छिपाया गया था। इस मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि अवैध शराब तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन स्वच्छता' के तहत सूचना मिलने पर रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी की गई। नेशनल हाईवे 48 पर उदयपुर की ओर आ रहे हरियाणा नंबर के कंटेनर को रोका गया। कंटेनर चालक ने अपनी पहचान कासिम (45) पुत्र इस्माइल मुसलमान, निवासी शहदोद, थाना फूलबाग, तिजारा, राजस्थान (वर्तमान में नूहू, हरियाणा) के रूप में दी। तलाशी में गुप्त केबिन में 47 कार्टून शराब बरामद हुई। चालक के पास शराब परिवहन के वैध दस्तावेज नहीं थे। बरामद शराब की बाजार कीमत लगभग 5 लाख 25 हजार रुपए है। पुलिस ने आरोपी कासिम को गिरफ्तार कर पूछताछ जारी रखी है।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com



परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा के घर गूंजे किलकारियां, अभिनेत्री ने बेटे को दिया जन्म



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, नेशनल डेस्क। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा अब माता-पिता बन गए हैं। रविवार सुबह परिणीति ने दिल्ली के एक अस्पताल में बेटे को जन्म दिया, जिसके बाद परिवार और प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई। "हमारा बेटा आ गया है" – राघव का इमोशनल पोस्ट राघव चड्ढा ने यह खुशखबरी सोशल मीडिया पर साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक प्यारा संदेश पोस्ट करते हुए लिखा – "वह आखिरकार आ गया है! हमारा बेटा और सच कहें तो, हमें पहले की जिंदगी याद ही नहीं। हमारी बाहें अब पूरी हैं, और दिल पहले से ज्यादा भरे हुए हैं। पहले हमारे पास सिर्फ एक-दूसरे थे, अब हमारे पास सब कुछ है। अपार आभार के साथ – परिणीति और राघव।" उनकी इस पोस्ट के बाद बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। फैंस के साथ-साथ बॉलीवुड और राजनीतिक जगत की कई हस्तियों ने दंपती को शुभकामनाएं दीं।

मां रीना चोपड़ा ने जताई खुशी

परिणीति की मां रीना चोपड़ा ने भी सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा – "इससे बड़ी कोई खुशी या आशीर्वाद नहीं हो सकता। तुम्हें बहुत सारा प्यार और दुआएं। भगवान आप दोनों पर हमेशा कृपा बनाए रखें।" दो महीने पहले दी थी गुड न्यूज़ की झलक कपल ने 25 अगस्त 2025 को यह घोषणा की थी कि वे जल्द माता-पिता बनने वाले हैं। दो महीने बाद ही उनका घर खुशियों से गूंज उठा। हाल ही में परिणीति और राघव 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' में नज़र आए थे, जहां राघव ने मज़ाकिया अंदाज़ में कहा था कि "बहुत जल्द वे बड़ी खबर साझा करेंगे" — तभी से फैंस उनके पैरेंटहुड को लेकर उत्साहित थे।

उदयपुर में हुई थी शाही शादी

गौरतलब है कि परिणीति और राघव की शादी 24 सितंबर 2023 को उदयपुर के द लीला पैलेस में संपन्न हुई थी। शादी में बॉलीवुड और राजनीति की कई नामचीन हस्तियों ने शिरकत की थी। अब इस जोड़ी की जिंदगी में नन्हे मेहमान के आगमन से खुशियों का नया अध्याय शुरू हो गया है।


जयपुर के किशनगढ़-रेनवाल में गैस सिलेंडर ब्लास्टः रेस्टोरेंट की इमारत ढही, हलवाई की मौत



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 19 अक्टूबर 2025। किशनगढ़-रेनवाल इलाके में रविवार दोपहर एक रेस्टोरेंट में रखे गैस सिलेंडर में जोरदार धमाका हुआ, जिसके चलते रेस्टोरेंट का एक हिस्सा पूरी तरह से ढह गया। हादसे में रेस्टोरेंट के हलवाई किशन कुमार (32) की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए। घटना के तुरंत बाद रेनवाल थाना पुलिस ने एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की मदद से मलबे में दबे युवकों को बाहर निकाला। रेनवाल थाना अधिकारी देवेन्द्र चावला ने बताया कि यह हादसा रेलवे फाटक के पास स्थित दो मंजिला इमारत में हुआ। इमारत की पहली मंजिल पर रेस्टोरेंट और ऊपर की मंजिल पर मिठाई बनाने का कारखाना था। दीपावली के अवसर पर मिठाई बनाने के दौरान दोपहर करीब 3 बजे गैस सिलेंडर फट गया, जिससे तेज धमाके हुए और इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। धमाके के साथ ही आग भी भड़क गई। धमाके की तीव्रता इतनी थी कि इमारत का मलबा सड़क पर तक बिखर गया। इस दौरान रेस्टोरेंट में काम कर रहे कर्मचारी अनुज और दिवांश मलबे में दब गए। एसडीआरएफ टीम ने दोनों युवकों को गंभीर हालत में बाहर निकाला। अनुज की हालत गंभीर होने पर उन्हें SMS हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जबकि दिवांश को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। करीब डेढ़ घंटे के रेस्क्यू अभियान के बाद मलबे में और दबे किशन कुमार को भी बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवाया गया। रेनवाल सीओ खलील अहमद ने बताया कि ब्लास्ट के समय कारखाने में दो सिलेंडर थे। पहली सिलेंडर फटने के बाद उसके पास रखा दूसरा सिलेंडर भी फट गया। विस्फोट की वजह से कारखाने की छत लटक गई और दीवार के हिस्से सड़क पर गिर गए। हालांकि अन्य सिलेंडर आग से बच गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया और मलबे के ढेर को जेसीबी की मदद से हटाया। पुलिस अब सिलेंडर ब्लास्ट के कारणों की जांच कर रही है। अधिकारी इस बात की भी पुष्टि कर रहे हैं कि हादसे के समय सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया था या नहीं। हादसे के कारण इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और रेस्क्यू टीम को सूचना दी। अधिकारियों ने मलबे से बाहर निकाले गए लोगों का इलाज सुनिश्चित किया और आसपास की इमारतों को सुरक्षित कर राहत कार्य पूरा किया।

कजाकिस्तान से ब्रेन हेमरेज झेल रहे राजस्थान के राहुल को दिवाली पर एयर एम्बुलेंस से लाया जाएगा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 19 अक्टूबर। कजाकिस्तान में जिंदगी की जंग लड़ रहे जयपुर के नयाबास गांव निवासी 22 वर्षीय राहुल घोसलिया की भारत वापसी की राह तय हो गई है। दिवाली के दिन, 20 अक्टूबर को, एयर एम्बुलेंस के जरिए राहुल को जयपुर लाया जाएगा और सीधे एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया जाएगा। राहुल साल 2021 से कजाकिस्तान के अस्ताना शहर से MBBS की पढ़ाई कर रहा था। 8 अक्टूबर को कॉलेज की लाइब्रेरी में पढ़ाई करते समय उसे ब्रेन हेमरेज हुआ। तब से वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। उसके दोस्तों के अनुसार, हादसे के बाद अगले 30 घंटों तक राहुल होश में था, लेकिन फिर उसकी हालत बिगड़ गई। राहुल को भारत लाने के प्रयास में उसके परिवार के साथ-साथ कई सामाजिक संस्थाएं भी जुटीं। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका के अध्यक्ष प्रेम भंडारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय, इंडियन कम्युनिटी वेलफेयर फंड, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका और जन सहयोग से इस प्रयास को सफल बनाया गया। उन्होंने बताया कि जयपुर जिला कलेक्टर से चर्चा कर भारत में एसएमएस हॉस्पिटल में इलाज की पूरी व्यवस्था कर दी गई है। राहुल की MBBS की पढ़ाई अगले साल पूरी होने वाली है और दिवाली के अवसर पर उसके देश वापसी की खबर ने परिवार और सामाजिक सहयोगियों में उत्साह और राहत का माहौल बना दिया है।

डीजीपी का दीपावली संदेशः नवीन कानूनों के प्रकाश में जिएँ सेवा, सुरक्षा और न्याय को जन जन तक पहुंचाए

24 न्यूज अपडेट



जयपुर 19 अक्टूबर। दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा ने राजस्थान पुलिस परिवार के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों को हृदय से शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। उन्होंने अपने संदेश में पुलिस के ध्येय को दीपावली के प्रकाश से जोड़ते हुए नवीन आपराधिक कानूनों के सफल कार्यान्वयन पर विशेष बल दिया।

महानिदेशक श्री शर्मा ने कहा कि दीपावली के पर्व के उजाले की तरह राजस्थान पुलिस का ध्येय भी सेवा, सुरक्षा और न्याय के प्रकाश को जन-जन तक पहुँचाने का है। उन्होंने बल दिया कि इस दीपावली का विशेष महत्व इसलिए भी है कि पुलिस विभाग नवीन आपराधिक कानूनों के ऐतिहासिक कार्यान्वयन के दौर से गुजर रहा है।


श्री शर्मा ने बल दिया कि ये नवीन कानून सर्वजन हितार्थ की भावना को चरितार्थ करते हुए जनसुलभता, पारदर्शिता और सबसे महत्वपूर्ण पीड़ित-केंद्रित न्याय-व्यवस्था के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं।

डीजीपी ने पिछले वर्ष के दौरान चुनौतियों के बावजूद अपने दायित्वों का सफल निर्वहन करने के लिए पुलिस टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस की मेहनत से राजस्थान पुलिस जनता के बीच विश्वास और सम्मान की प्रतीक बनी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी कर्मी अपनी निष्ठा, संवेदनशीलता और समर्पण भाव से इस नए अध्याय (नवीन कानूनों के क्रियान्वयन) को सफल बनाएंगे। भरोसे के दीप जलाने का आह्वान महानिदेशक ने पुलिसकर्मियों से यह संकल्प लेने का आह्वान किया कि हम सब मिलकर अपने कार्य, आचरण और व्यवहार से आमजन के बीच भरोसे के दीप जलाएँगे। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके समर्पण से राजस्थान पुलिस न केवल समाज में न्याय एवं शांति व्यवस्था की अग्रदूत बनेगी, वरन् संवेदनशील शासन की सशक्त प्रतीक भी बनेगी।

शुभकामनाओं के साथ उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और नए उत्साह का प्रकाश लेकर आए।

डॉ विनय मल्होत्रा का वीआरएस विवादः हाईकोर्ट ने सरकार को 20 अक्टूबर तक आदेश देने को कहा

24 न्यूज अपडेट



24 न्यूज अपडेट, जयपुर। सवाई मानसिंह अस्पताल के सीनियर प्रोफेसर और सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के अधीक्षक डॉ विनय मल्होत्रा अंता विधानसभा उपचुनाव लड़ना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) का आवेदन दिया था, लेकिन सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया। इसके बाद डॉ विनय मल्होत्रा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने सरकार को निर्देश दिए कि 20 अक्टूबर 2025, शाम 6 बजे तक निर्णय लिया जाए। कोर्ट ने कहा कि राजस्थान सर्विस रूल्स नियम 50(1) के तहत यदि तीन महीने में निर्णय नहीं होता, तो वीआरएस स्वतः प्रभावी हो जाएगी। डॉ मल्होत्रा की वकील अनिता अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने 7 अक्टूबर 2025 को वीआरएस के लिए आवेदन किया और अंता विधानसभा उपचुनाव में नामांकन करना चाहते हैं। वहीं, सरकार की ओर से एएजी विज्ञान शाह ने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण तत्काल वीआरएस देने से स्वास्थ्य सेवाओं में समस्या हो सकती है। हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि निर्णय लेने के बाद याचिकाकर्ता को तुरंत सूचित किया जाए।

अनन्ता हॉस्पिटल
एक विश्वास बेहतर ज़िंदगी का

स्वास्थ्य है तो ख़ुशियाँ है
ख़ुशियाँ है तो दिवाली है

NABH H-2023-1278
MC-3464 NABL - Accreditation for Molecular Lab.

सुपरस्पेशियलिटी एवं मल्टी स्पेशलिटी सेवाएँ एक छत के नीचे

- अनन्ता न्यूरोसाईंसेज़ सेंटर (मस्तिष्क, तंत्रिका तंत्र व रीढ़ की हड्डी के सभी रोगों का उपचार एवं शल्य चिकित्सा)
- अनन्ता कार्डियक सेंटर (हृदय रोग व हृदय शल्य चिकित्सा)
- अनन्ता कैन्सर सेंटर (कैंसर के उपचार की व्यापक सुविधा-मेडिकल, सर्जिकल व रेडियेशन ऑन्कोलोजी)
- अनन्ता यूरो व किडनी सेंटर (मूत्र व किडनी रोगों का उपचार एवं शल्य चिकित्सा)
- अनन्ता गेस्ट्रोएंटेरोलोजी व जीआई सर्जरी (पेट, आँत व लिवर के रोगों का उपचार व शल्य चिकित्सा)
- अनन्ता प्लास्टिक सर्जरी व बर्न (दुर्घटना में अंग-भंग व जन्मजात विकृति और जलने का उपचार एवं शल्य चिकित्सा)

- जनरल मेडिसिन
- जनरल व मिनिमली इंवेसिव (दूरबीन द्वारा) सर्जरी
- प्रसूति व स्त्री रोग
- मनोरोग व नशामुक्ति
- श्वास व दमा रोग
- अस्थि (हड्डी) रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण
- बाल एवं शिशु रोग
- नाक, कान व गला रोग
- चर्म व गुप्त रोग
- नेत्र रोग
- दंत रोग
- फ़िज़ियोथेरेपी

दक्षिणी राजस्थान में कैंसर की जांच हेतु पैट सीटी स्केन व गामा कैमरा एवं अत्याधुनिक रेडियेशन थेरेपी मशीन से युक्त केन्द्र

आपात स्थिति के लिए विश्वस्तरीय गहन चिकित्सा ईकाई जिसके अंतगर्त मेडिकल आईसीयू, सर्जिकल आईसीयू, रेस्पीरेटरी आईसीयू, न्यूरो आईसीयू, बर्न आईसीयू, कार्डियक आईसीयू, सीटीवीएस आईसीयू, एनआईसीयू व पीआईसीयू की सुविधा

त्वरित एवं सटीक जाँच के लिए एमआरआई (1.5 टेस्ला), सीटी स्कैन, 4D कलर डॉपलर इत्यादि डायग्नोस्टिक इमेजिंग तकनीक उपलब्ध



अनन्ता हॉस्पिटल अधिकृत है

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAA-Yojana) ● राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (RGHS) ● प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) ● कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ● भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) ● महत्वपूर्ण टीपीए व इन्श्योरेंस

अनन्ता हिल्स, नेशनल हाईवे 8, तह. नाथद्वारा, जिला राजसमन्द - 313202 | Call 9772278615 / 9783305039 / 9783305082 / 9772278635

नाकोड़ा ज्योतिष कार्यालय में भैरुजी की महाआरती में झुमे भक्तजन

बैण्ड की स्वर लहरियां एवं भक्तिगीतों ने बनाया भक्तिमय माहौल



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 19 अक्टूबर। जय जय जयकारा, वारी जय जय झंकार, आरती उतारो भवजन मिलकर, भैरव रखवाला, वारी जीवन रखवाला, जय जय जयकारा... के साथ रूप रजत भवन में नाकोड़ा पार्श्वनाथ एवं नाकोड़ा भेरूजी की संगीतमय महाआरती में भक्तजन झूम उठे। अशोक नगर स्थित नाकोड़ा ज्योतिष संस्थान कार्यालय पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धनतेरस पर चहुंओर सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का वातावरण हो इसी मनोकामना के साथ रविवार को धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में प्रातः 9.55 पर महाआरती प्रारम्भ हुई। संगीतमय महाआरती के दौरान भवन के बाहर बैंड सुर मधुर धुन बज रही थी। संस्थान के संस्थापक ज्योतिषाचार्य कांतिलाल जैन के सान्निध्य में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं ने शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ नाकोड़ा भैरव, नाकोड़ा पार्श्वनाथ एवं पद्मावती माता की महाआरती की। महाआरती के दर्शन के दौरान भक्तजन कतारबद्ध रूप से भगवान के दर्शन करते रहे। इस दौरान श्रावक-श्राविकाओं ने नाकोड़ा भगवान के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। महाआरती के दौरान नाकोड़ा वाले सुन लेना, अगर समझ में आ जाए, तो भक्तो को समझा देना । दादा तेरा क्या फर्ज़ नहीं भक्तो के घर आने का, या फिर मुझसे प्रेम नहीं, क्यों मेरे घर नहीं आते... दादा तेरा क्या फर्ज़ नहीं भक्तो के घर आने का ... सहित स्तवन गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान महावीर जैन परिषद के संयोजक राजकुमार फत्तावत, शहर विधायक ताराचंद जैन, मांगीलाल जोशी, शांतिलाल चपलोत, पारस सिंघवी, प्रसन्न खमेसरा, ऊंकार लाल सिरोया, धर्मेश नवलखा, पंकज शर्मा, त्रिलोक पूर्बिया, संजय खाब्या, भंवर सेठ, महेन्द्र तलेसरा, आर के जैन, अतुल चण्डालिया, संजय भण्डारी, निर्मल पोखरना, दिलीप सुराणा, मनीष गलूंडिया, विजय लक्ष्मी गलूंडिया, मधु मेहता, राजेन्द्र वागरेचा, राजेन्द्र खोखावत, सुभाष मेहता, नारायण सिंह, मनोहर सिंह नलवाया सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं ने महाआरती में भाग लिया। महाआरती से पूर्व रूप रजत भवन के प्रवेश द्वार पर पंडितों द्वारा सभी आगंतुकों को कुमकुम का तिलक लगाकर एवं रक्षा पोटली बांधकर यह वर्ष आपके लिए मंगलकारी हो। समारोह के पश्चात सभी आगंतुओं एवं भक्तजनों के लिए नवकारी का आयोजन हुआ।

10 हजार दीपों से जगमगाया प्रताप गौरव केन्द्र,

महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, रंगीन आतिशबाजी से सजा आकाश



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। धनतेरस के शुभ अवसर पर शनिवार शाम प्रताप गौरव केन्द्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' 10 हजार दीपों की आलोक सज्जा से नहा उठा। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया, जिसके बाद पूरी पहाड़ी जगमग हो उठी। दीपोत्सव के उपरांत रंगीन आतिशबाजी ने आकाश को आलोकित कर दिया और दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। इस अवसर पर महाराणा प्रताप और हल्दीघाटी युद्ध पर आधारित विशेष चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेवाड़ क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष अशोक सिंह मेतवाला ने किया। इस दौरान वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के उपाध्यक्ष सुभाष भार्गव, उपाध्यक्ष मदन टांक, महामंत्री पवन शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक पुरोहित और मंत्री महावीर चपलोत सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं और शहर के परिवारों ने पूरे परिसर में दीप जलाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विशेष दीपोत्सव प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केन्द्र के 100 अलग-अलग कोनों में 100-100 दीपक प्रज्वलित किए गए। उन्होंने बताया कि यह वर्ष हल्दीघाटी विजय का 450वां वर्ष भी है, जिसे ध्यान में रखते हुए मेवाड़ के वीरों के शौर्य, पराक्रम और इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है, जो आगे भी जारी रहेगी। विद्युत सज्जा और आतिशबाजी ने बढ़ाई शोभा दीपोत्सव के अवसर पर सम्पूर्ण परिसर को रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा से सुसज्जित किया गया। दीप प्रज्वलन के बाद हुई शानदार आतिशबाजी ने दीपों की रौनक को और भी बढ़ा दिया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति, संस्कृति और गौरव की झलक हर कोने में नजर आई।

दीपावली बाजार सजावट प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा से पहले होगा निरीक्षण

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर में दिवाली की रौनक को बढ़ाने और बाजारों को आकर्षक बनाने के उद्देश्य से चैंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन द्वारा आयोजित दीपावली बाजार सजावट प्रतियोगिता के लिए निरीक्षण रूट को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रतियोगिता के संयोजक इंदर सिंह मेहता ने बताया कि निर्णायक मंडल दीपावली की संध्या पर शाम 7:15 बजे सूरजपोल से निरीक्षण शुरू करेगा। निरीक्षण के दौरान माली कॉलोनी, सेक्टर 14, अस्थल मंदिर चौराहा, मार्शल चौराहा, लक्ष्मी मंदिर भटियानी चौहट्टा, घंटाघर, बड़ा बाजार, सिंधी बाजार, मंडी की नाल, चेटक सर्कल, बापू बाजार और नेहरू बाजार को कवर किया जाएगा। निरीक्षण समाप्ति के बाद टीम सूरजपोल कंट्रोल रूम में पहुंचकर 10:30 बजे अपना काम पूरा करेगी। निर्णायक मंडल बाजारों की रोशनी, सजावट, साफ-सफाई, थीम और मौलिकता के आधार पर बाजारों का मूल्यांकन करेगा। इसके परिणामस्वरूप प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार विजेता बाजारों को दिए जाएंगे। चयनित बाजारों के नाम सीलबंद लिफाफों में सुरक्षित रखे जाएंगे और बाद में सार्वजनिक किए जाएंगे। कार्यकारी अध्यक्ष हिम्मत बडाला ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता में शहर के सभी बड़े बाजारों ने भाग लिया है। उपायुक्त नगर निगम दिनेश कुमार मंडोवरा दल प्रभारी के रूप में निरीक्षण में शामिल होंगे। चैंबर ऑफ कॉमर्स का उद्देश्य न केवल बाजारों की सजावट के माध्यम से दिवाली की खुशियों को बढ़ाना है, बल्कि व्यापारी संगठनों और आम जनता को एक मंच पर जोड़कर सामुदायिक सहभागिता को भी प्रोत्साहित करना है।

सब-सिटी सेंटर पर पटाखा व्यापारियों पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, 6 दुकानों का चलान



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर, । धनतेरस और दिवाली की भीड़ के बीच सब-सिटी सेंटर स्थित पटाखा बाजार में फैले अस्थाई अतिक्रमण पर नगर निगम ने सख्त कार्रवाई की। नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने शनिवार को सड़कों पर पसर रही दुकानों पर एक्शन लेते हुए 6 दुकानों के चालान काटे और बाहर रखा गया सामान जब्त किया। सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर टेंट लगाकर अस्थाई रूप से स्टॉल बढ़ा लिए थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। निगम ने अब सभी को स्पष्ट हिदायत दी है कि आगे से दुकान के बाहर कोई स्टॉल नहीं लगाया जाएगा। आयुक्त के निर्देश पर हुई कार्रवाई यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर की गई। टीम ने सब-सिटी सेंटर से इनकम टैक्स ऑफिस रोड तक फैले पटाखा बाजार में चाहत पटाखा, सिया पटाखा, न्यू लक्ष्मी पटाखा ट्रेडर्स, साईंराम पटाखा, सियाराम पटाखा समेत कई दुकानों पर कार्रवाई की। टीम ने दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त किया। इस दौरान कई दुकानदारों ने कार्रवाई रुकवाने की गुहार भी लगाई, लेकिन निगम के दस्ते ने किसी की बात नहीं सुनी और सख्ती के साथ कार्रवाई पूरी की।

सालवी समाज ने दिवाली पर शुरू किया ऑनलाइन डायरेक्टरी और गूगल फॉर्म अभियान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सालवी (बुनकर) समाज के अध्यक्ष नारायण लाल सलाया ने दीपावली के पावन अवसर पर समाज के हर सदस्य को जोड़ने और उनकी जानकारी व्यवस्थित रूप से संग्रहित करने के उद्देश्य से एक विशेष पहल की घोषणा की। समाज की इस नई पहल के तहत सभी सदस्यों का सामाजिक, पारिवारिक और शैक्षणिक विवरण एक ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से एकत्रित किया जाएगा। अध्यक्ष नारायण लाल सलाया ने बताया कि इस फॉर्म के माध्यम से समाज के प्रत्येक सदस्य, चाहे वह बच्चा, युवक, बुजुर्ग महिला या पुरुष हो, का विवरण एक बुकलेट और वेबसाइट पर दर्ज किया जाएगा। इसमें प्रत्येक सदस्य की फोटो, उम्र, शिक्षा, पेशा, वर्तमान निवास, मोबाइल नंबर, गांव और पारिवारिक विवरण शामिल होंगे। यह जानकारी समाज के लिए एक पारिवारिक डायरेक्टरी के रूप में काम करेगी, जिससे समाज के सदस्यों को सुविधाएं मिलेंगी और समय एवं संसाधनों की बचत होगी। सलाया ने सभी समाजजनों, ब्लॉक अध्यक्षों और कार्यकारिणी सदस्यों से अपील की कि वे गूगल फॉर्म को पूरी जिम्मेदारी के साथ भरवाएं और परिवार तथा मोहल्ले में इस पहल को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि जिनके पास मोबाइल नहीं है या जिन्हें फॉर्म भरने में समस्या हो, उन्हें स्वयं जाकर मदद करनी होगी। इस पहल के माध्यम से सालवी समाज के प्रत्येक सदस्य की जानकारी व्यवस्थित रूप से सुरक्षित होगी और भविष्य में सामाजिक, पारिवारिक और शैक्षणिक गतिविधियों में इसका व्यापक उपयोग किया जाएगा। संपर्क के लिए समाज ने ईमेल SAL-VISAMAJ2025@GMAIL.COM और मोबाइल नंबर 9001590510 उपलब्ध कराया है।

यूनिवर्सिटी रोड पर मोबाइल शॉप में भीषण आग, लाखों का स्टॉक राख

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के यूनिवर्सिटी रोड स्थित बेकनी पुलिया क्षेत्र में रविवार अलसुबह एक मोबाइल शॉप में अचानक आग लग गई, जिसने मिनटों में विकराल रूप ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में पूरी दुकान लपटों में घिर गई और अंदर रखा सारा मोबाइल स्टॉक, चार्जर, इयरफोन, मोबाइल कवर और अन्य एसेसरीज जलकर राख हो गई। घटना सुबह लगभग 5 बजे हुई। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम



मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान का शटर, दीवारें और अंदर का पूरा स्ट्रक्चर भी आग से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का प्रमुख कारण माना जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के समय क्षेत्र में सन्नाटा होने के कारण आग का पता देर से चला। दुकान मालिक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस और फायर ब्रिगेड ने मौके पर आग लगने की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

दीपावली पर उदयपुर में विशेष ट्रैफिक व्यवस्था, बापू बाजार व ओल्ड सिटी में सीमित एंट्री



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। दीपावली पर्व और पर्यटन सीजन के मद्देनजर उदयपुर शहर की यातायात पुलिस ने विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की है।

19 से 25 अक्टूबर तक शहर के मुख्य बाजारों और ओल्ड सिटी क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही पर अस्थाई नियंत्रण रहेगा। आपातकालीन सेवाओं पर यह व्यवस्था लागू नहीं होगी।

ओल्ड सिटी में महालक्ष्मी मंदिर मार्ग बंद

त्योहारी भीड़ को देखते हुए रविवार से महालक्ष्मी मंदिर (भट्टीयानी चौहट्टा) जाने वाले मार्ग पर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया गया है। यह व्यवस्था 22 अक्टूबर की देर रात तक प्रभावी रहेगी।

इस अवधि में मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और रोशनी देखने वालों की आवाजाही के चलते रंग निवास से जगदीश चौक मार्ग पर भी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

आज (19 अक्टूबर) की व्यवस्था

देहलीगेट, बापू बाजार, पुराना कंट्रोल रूम से अमृत नमकीन तक, मंडी गेट, तीज का चौक, धानमंडी चौक से मार्शल चौराहे तक शाम 4 बजे से देर रात तक ट्रैफिक बंद रहेगा।

लोगों को वाहन सूरजपोल तांगा स्टैंड की पजल पार्किंग और फतह स्कूल परिसर में पार्क करने की अनुमति दी गई है।

20 अक्टूबर को नो-एंट्री क्षेत्र

20 अक्टूबर को शाम 4 बजे से देर रात तक निम्न मार्गों पर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा - हाथीपोल, घंटाघर, बड़ा बाजार और चांदपोल गेट से जगदीश चौक तक घंटाघर, मुखर्जी चौक, मार्शल चौराहा, पुराना कंट्रोल रूम से अमृत नमकीन, बापू बाजार, देहलीगेट तक आरएमवी स्कूल से अस्थल मंदिर व पुराना कंट्रोल रूम मार्ग तक इन दोनों दिनों (19 व 20 अक्टूबर) अहमदाबाद से आने वाले भारी वाहन केवल बलीचा तक आ सकेंगे, आगे प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

22 से 25 अक्टूबर तक जगदीश चौक क्षेत्र में रोक

रंग निवास से जगदीश चौक तक चौपहिया वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। चांदपोल से जगदीश चौक तक एकतरफा ट्रैफिक चलेगा। जगदीश चौक से चांदपोल तक तिपहिया व चौपहिया वाहन घंटाघर–हाथीपोल मार्ग से होकर निकलेंगे।

किसी भी तिपहिया वाहन को बीच मार्ग में पार्किंग की अनुमति नहीं होगी।

इसके अलावा —बड़ा बाजार से आने वाले वाहनों को जगदीश चौक की ओर न जाकर हाथीपोल मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा।

कचेली तेली समाज के नोहरे से ब्रह्मपोल, चांदपोल व जगदीश चौक तक चौपहिया वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।

यहां मिलेगी पार्किंग सुविधा

देहलीगेट तैहबियाह स्कूल के पास नगर निगम पार्किंग

चांदपोल निगम पार्किंग

हाथीपोल व झरिया मार्ग की चिह्नित पार्किंग

रंगनिवास के पास हेमराज का अखाड़ा पार्किंग

गुलाबबाग पीडब्ल्यूडी पार्किंग

सूरजपोल तांगा स्टैंड पर पजल पार्किंग

मल्लातलाई से आने वाले चारपहिया वाहन कचेली तेली समाज के नोहरे में पार्क करेंगे।

गोगुंदा में दहशत फैलाने वाला लेपर्ड पकड़ा, कुछ दूरी पर एक मृत तेंदुआ भी मिला



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। गोगुंदा क्षेत्र में पिछले दो दिनों से ग्रामीणों को दहशत में डालने वाला आदमखोर लेपर्ड (तेंदुआ) आखिरकार वन विभाग के लगाए पिंजरे में कैद हो गया। यह वही क्षेत्र है, जहां बीते 48 घंटे में चार लोगों पर तेंदुए ने हमला कर दिया था। वहीं, घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक अन्य लेपर्ड मृत अवस्था में मिला, जिसके आपसी संघर्ष में मारे जाने की आशंका जताई जा रही है।

चलवा गांव में पिंजरे में कैद हुआ लेपर्ड

रविवार सुबह चलवा गांव में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरों में से एक में तेंदुआ खुद ही फंस गया। पिंजरे में कैद होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लेपर्ड को सुरक्षित सज्जनगढ़ सेंचुरी भेजा, जहां उसका इलाज और निगरानी की जा रही है। वन विभाग ने बताया कि इस क्षेत्र में करीब आधा दर्जन लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया है। ग्रामीणों की मांग पर यहां चार पिंजरे लगाए गए थे। अब बाकी लेपर्ड को पकड़ने के लिए भी प्रयास जारी हैं।

आपसी संघर्ष में एक मेल लेपर्ड की मौत

इसी इलाके के नांदेशमा-चलवा मार्ग के पास जंगल में एक मेल लेपर्ड का शव मिला। वन विभाग की प्रारंभिक जांच के अनुसार, दो तेंदुओं के बीच संघर्ष में उसकी मौत हुई।

ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार देर रात जंगल की ओर से संघर्ष की आवाजें सुनाई दी थीं। रविवार सुबह घाटी क्षेत्र में एक छोटे तेंदुए की बॉडी मिली। सूचना पर पहुंचे वन अधिकारी नरेंद्रपुरी गोस्वामी और टीम ने शव को उदयपुर पशु चिकित्सालय भेजा, जहां पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

मंदिर में पूजा करते समय हुआ हमला

शनिवार दोपहर नांदेशमा के चलवा चौकी गांव में ओबरा निवासी चेतन सिंह पुत्र डालू सिंह और गजेंद्र सिंह पुत्र कालू सिंह घर के बाहर स्थित मंदिर में पूजा कर रहे थे।

इसी दौरान झाड़ियों से निकले तेंदुए ने पीछे से चेतन सिंह पर झपट्टा मार दिया और गले से दबोच लिया। साथ ही पास बैठे गजेंद्र सिंह पर भी हमला किया। चेतन सिंह ने हिम्मत दिखाते हुए तेंदुए के जबड़े में हाथ डालकर खुद को छुड़ाया।

दोनों घायल युवकों को ग्रामीणों ने बचाकर अस्पताल पहुंचाया।

चलावड़ा इलाके में भी देखा गया तेंदुआ, एक और ग्रामीण घायल

उसी रात नांदेशमा के चलावड़ा इलाके में भी तेंदुए का मूवमेंट देखा गया। यहां उसने रूपलाल पुत्र भंवरलाल गमेती पर हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को भी तेंदुए ने एक पालतू पशु और बाइक सवार पर हमला किया था। देर रात तीसरे व्यक्ति को घायल अवस्था में गोगुंदा अस्पताल लाया गया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।